एकलपीठ कम्पनी प्रार्थना पत्र संख्या- 47/2006

अन्तर्गत

एकलपीठ कम्पनी याचिका संख्या-10/1992

15.12.2006

माननीय न्यायाधिपति श्री शिव कुमार शर्मा

श्री देवेन्द्र कुमार भारद्वाज, अधिवक्ता वास्ते प्रार्थीगण।

श्री बी.के. शर्मा, अधिवक्ता वास्ते प्रतिपक्षी।

श्री आर.सी.मीना, शासकीय समापक व्यक्तिश: उप.

प्रार्थीगण द्वारा यह प्रार्थना पत्र कम्पनी कोर्ट नियम,1959 के नियम-177 के अन्तर्गत क्लेम प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब को क्षमा करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत किया गया है ।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण को सुना गया। प्रार्थना पत्र में वर्णित आधारों का आद्योपांत अनुशीलन किया गया।प्रार्थना पत्र में विलम्ब के सम्बन्ध में जो कारण दर्शाये गये है, उनसे मैं संतुष्ट हूं। उक्त परिस्थितियों में यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थीगण द्वारा क्लेम प्रस्तुत करने में किया गया विलम्ब क्षमा किया जाता है। शासकीय समापक को निर्देश दिया जाता है कि वह प्रार्थी के क्लेम को दर्ज करके उसको विधि अनुसार निर्णीत करे।

(न्या. शिव कुमार शर्मा)